सत्यमेव जयते

राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
भारत सरकार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर (म.प्र.)

TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE (TOLIC), SAGAR (M.P.)

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, GOVERNMENT OF INDIA

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर
प्रथम छमाही समीक्षा बैठक 2026-27

15 जून, 2026, सोमवार

प्रतिवेदन

आमंत्रण

राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
भारत सरकार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर (म.प्र.)

TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE (TOLIC), SAGAR (M.P.)

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, GOVERNMENT OF INDIA

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर
प्रथम छमाही समीक्षा बैठक 2026-27

में आप सादर आमंत्रित हैं।

अध्यक्षता

प्रो. वाई. एस. ठाकुर

माननीय कुलपति
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
एवं अध्यक्ष, नराकास, सागर

विशिष्ट अतिथि

श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा

उप निदेशक (कार्यान्वयन)
क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

:: बैठक की तिथि एवं समय ::

15 जून, 2026 (सोमवार)
मध्याह्न 12.00 बजे से

:: बैठक स्थल ::

होटल रॉयल पैलेस
राजघाट रोड, सागर (म.प्र.)

भवदीय

संतोष सोहगौरा

सदस्य-सचिव, नराकास, सागर (म.प्र.)
संयुक्त कुलसचिव एवं राजभाषा अधिकारी (प्र.)
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

प्रतिवेदन

प्रस्तावना

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के तारतम्य में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक समिति के अध्यक्ष माननीय प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर, माननीय कुलपति, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में दिनांक 15 जून, 2026 (सोमवार) को अपराह्न 12:15 बजे अशोका हॉल, होटल रॉयल पैलेस, राजघाट रोड, तिली, सागर में आयोजित हुई। उक्त बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जैसा कि विदित है कि राजभाषा विभाग, गृहमंत्रालय के दिनांक 22.11.1976 के का.ज्ञा.सं. 1/14011/12/76-रा.भा. (का-1) के अनुसार देश के उन सभी नगरों में जहां केंद्रीय सरकार के 10 या इससे अधिक कार्यालय हों, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया जा सकता है । समिति का गठन राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर भारत सरकार के सचिव (राजभाषा) की अनुमति

से किया जाता है । उक्त क्रम में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सागर नगर स्थित केन्द्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों आदि में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर का गठन किया गया है जिसकी अध्यक्षता का दायित्व डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय को सौंपा गया है।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार केंद्रीय सरकार के देश भर में फैले हुए कार्यालयों/ उपक्रमों/बैंकों आदि में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के मार्ग में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए एक संयुक्त मंच के रूप में नराकास की बैठकों का आयोजन प्रत्येक छमाही में किया जाता है ताकि नगर विशेष के सभी केन्द्रीय कार्यालय/उपक्रम/बैंक आदि राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन पर गहन विचार-विमर्श कर सकें। इसी क्रम में नराकास, सागर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

बैठक का विगतवार ब्यौरा एवं कार्यवृत्त

भाग – क

पुष्पांजलि एवं स्वागत

1. मां सरस्वती एवं डॉ. गौर को पुष्पांजलि अर्पण कर बैठक का शुभारंभ।

बैठक का शुभारंभ समिति के माननीय अध्यक्ष महोदय प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा एवं समिति के सदस्य-सचिव श्री संतोष सोहगौरा द्वारा माँ सरस्वती एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के संस्थापक डॉ. हरीसिंह गौर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

2. माननीय अध्यक्ष एवं कुलपति महोदय प्रो. वाय.एस. ठाकुर का स्वागत।

समिति की ओर से सदस्य–सचिव श्री संतोष सोहगौरा ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति महोदय का प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर का पुष्पगुच्छ भेंट कर आदर सहित अभिनंदन किया।

3. विशिष्ट अतिथि श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का स्वागत।

नराकास, सागर की ओर से समिति के सदस्य-सचिव श्री संतोष सोहगौरा द्वारा श्री मेहरा जी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

4. सदस्य-सचिव महोदय का स्वागत एवं अभिनंदन।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बी

ना के श्री रोहित यादव ने समिति के सदस्य-सचिव श्री संतोष सोहगौरा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

5. सम्माननीय सदस्य कार्यालयाध्यक्षों का स्वागत एवं परिचय।

सदस्य-सचिव श्री सोहगौरा ने समिति के माननीय अध्यक्ष प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित श्री मेहरा जी एवं समस्त–सदस्य बैंकों, उपक्रमों, कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों, महाप्रबंधकों, क्षेत्रीय प्रबंधकों, प्राचार्यों, शाखा प्रबंधकों एवं उनके साथ

पधारें राजभाषा प्रेमी अधिकारियों/कर्मचारियों का स्वागत करते हुए बैठक की प्रस्तावना समिति के समक्ष रखी।

भाग – ख

राजभाषा का प्रभावी कार्यान्वयन: समीक्षा और संवाद

6. द्वितीय छमाही बैठक(नवम्बर, 2025-26) के कार्रवाई प्रतिवेदन की पुष्टि।

सदस्य-सचिव ने समिति को अवगत कराया कि नराकास, सागर के सचिवालय द्वारा समिति के अध्यक्ष महोदय प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के अनुमोदन के उपरांत वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय छमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु समस्त सदस्य कार्यालयों को ई-मेल एवं नराकास, सागर के अधिकृत वाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से परिचालित किया गया। साथ ही राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त पत्रों एवं निर्देशों को आवश्यक कार्यवाही हेतु समस्त कार्यालयों को प्रेषित किया गया। उक्त कार्यवृत्त पर समस्त सदस्य कार्यालयों द्वारा सहमति प्रदान की गई।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं समस्त सदस्य कार्यालयों द्वारा कार्रवाई की पुष्टि की गई।

7. सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट (01 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026) की समीक्षा।

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समिति के सदस्य-सचिव ने सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रेषित राजभाषा की गत छमाही (01 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक) की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि समीक्षा हेतु निर्धारित तिथि तक कुल 34 कार्यालयों से रिपोर्ट प्राप्त हुई शेष 08 कार्यालयों में से 02 कार्यालयों की रिपोर्ट विलंब से प्राप्त हुई जिससे उनकी समीक्षा नहीं की जा सकी। रिपोर्ट समीक्षा के मुख्य आधार हिंदी पत्राचार की स्थिति, राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन, राजभाषा नियम 05 का अनुपालन, हिन्दी में मूल पत्राचार का प्रतिशत, हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन, राजभाषा पत्रिका का प्रकाशन एवं हिन्दी दिवस/पखवाड़े का आयोजन तथा हिंदी टिप्पण का प्रतिशत रहा। उन्होंने शेष कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे भी प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में अपनी छमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करने का कष्ट करें। समीक्षा के दौरान उन्होंने रिपोर्ट के आंकड़ों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने का निवेदन किया साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

सदस्य कार्यालयों द्वारा इंगित बिंदुओं पर यथाशीघ्र कार्यवाही सुनिश्चत करने पर सहमति व्यक्त की।

8. राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम 2026-27 पर चर्चा।

सदस्य-सचिव ने समिति सदस्यों को संघ का राजकीय कार्य हिन्दी में करने के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वर्ष 2026-27 के वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों से अवगत कराया तथा उनके अनुपालन हेतु समुचित प्रयास किए जाने का अनुरोध किया।

सदस्य कार्यालयों द्वारा उक्त पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की।

9. संसदीय राजभाषा समिति की 40वीं बैठक के कार्यवृत्त पर चर्चा।

सदस्य-सचिव ने समिति को बताया कि संसदीय राजभाषा समिति की दिनांक 04 फरवरी, 2026 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यवृत्त में पारित संकल्पों के अनुपालन में सदस्य-कार्यालयों से संबंधित कार्यालयों में रिक्त हिंदी पदों को समाप्त न करने, उक्त पदों पर स्थायी भर्ती और ऐसा शीघ्र संभव न होने पर आउटसोर्स/ संविदा कार्मिकों से राजभाषा

का कार्य कराए जाने, नराकास बैठकों में सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों की अनिवार्य उपस्थिति, आंतरिक राजभाषा निरीक्षण करने, वेबसाइट द्विभाषीकरण आदि मदों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की।

सदस्य कार्यालयों द्वारा उक्त पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की।

10. राजभाषा विभाग की सूचना प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रेषण पर चर्चा।

समिति के सदस्य-सचिव ने बताया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त कार्यालयों द्वारा तिमाही प्रगति रिपोर्ट का प्रेषण राजभाषा विभाग की सूचना प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से किया जाना आवश्यक है। इसलिए समस्त कार्यालयों से ऑनलाइन रिपोर्ट प्रेषण हेतु राजभाषा विभाग की सूचना प्रबंधन प्रणाली पर अपने कार्यालय का पंजीयन कराने तथा तिमाही रिपोर्ट प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध किया।

सदस्य कार्यालयों द्वारा उक्त पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की।

11. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा(3) की सदस्य कार्यालयों में अनुपालन की स्थिति पर चर्चा।

समिति के सदस्य-सचिव ने बताया कि राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अनुसार निम्नलिखित दस्तावेजों को अनिवार्यत: द्विभाषी (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में जारी किया जाना है -

1. संकल्प, 2. सामान्य आदेश, 3. नियम, 4. अधिसूचनाएं, 5. प्रशासनिक व अन्य प्रतिवेदन, 6. परिपत्र, 7. प्रेस विज्ञप्तियां, 8. संविदा, 9. करार, 10. निविदा सूचना एवं निविदा प्रारूप, 11. ज्ञापन, 12. अनुज्ञप्तियां 13. अनुज्ञा पत्र, 14. नीति संबंधी दस्तावेज।

समस्त सदस्यों ने उक्त नियम का अनुपालन गंभीरता के करने का आश्वासन दिया।

हम भारतीय सभी भाषाओं का करते सम्मान,
पर हिंदी ही है हमारी पहचान

12. राजभाषा नियम 1976 के नियम 11 के अनुपालन पर चर्चा

सदस्य-सचिव ने समिति को बताया कि राजभाषा नियम 1976 के नियम 11 पर चर्चा करते हुए बताया कि कार्यालयों के नामपट्ट, सूचना पट, पत्रशीर्ष, लिफाफों पर उत्कीर्ण सामग्री, रजिस्टरों के शीर्षक, मैनुअल, संहिताओं और प्रक्रिया साहित्य का द्विभाषी होना अनिवार्य है।

समस्त सदस्यों ने उक्त नियम का अनुपालन गंभीरता के करने का आश्वासन दिया।

13. राजभाषा नियम 1976 के नियम 10 (4) के तहत कार्यालयों को अधिसूचित कराने पर चर्चा

सदस्य-सचिव ने सदस्यों को अवगत कराया कि केन्द्र सरकार के जिन कार्यालयों के 80 प्रतिशत कार्मिकों ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया हो, उन कार्यालयों के नाम राजपत्र में अधिसूचित किए जाना आवश्यक है।

समस्त सदस्यों ने अपने मुख्यालय/प्रधान कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

14. कार्यालयों के पुस्तकालयों में 50 प्रतिशत हिंदी पुस्तकों की खरीद पर चर्चा।

सदस्य-सचिव ने समिति को बताया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक कार्यालय में पुस्तकालयों में कम-से-कम 50 प्रतिशत हिंदी पुस्तकों (पेनड्राइव एवं ई-कंटेंट सहित) की खरीद सुनिश्चित किए जाने का लक्ष्य है। पुस्तकों की खरीद हेतु राजभाषा विभाग द्वारा पुस्तकों की सूची भी जारी की जाती है जोकि राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

समस्त सदस्यों ने हिंदी पुस्तकों खरीदी हेतु तय लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में सार्थक प्रयास करने करने पर सहमति व्यक्त की।

15. सदस्य कार्यालयों की वेबसाइट को संवर्धित व द्विभाषी बनाने पर चर्चा।

सदस्य-सचिव ने बताया कि राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक कार्यालय की वेबसाइट द्विभाषी होनी अनिवार्य है। उन्होंने समस्त सदस्य

कार्यालयों से अनुरोध किया कि कार्यालयों की वेबसाइट यथाशीघ्र द्विभाषी में तैयार करा ली जाए तथा उसे नियमित रूप से अद्यतनीकृत किया जाए ताकि राजभाषा नियमों का उल्लंघन न हो।

सदस्य कार्यालयों द्वारा उक्त पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की गई।

16. सदस्य कार्यालयों में कम्प्यूटरों पर यूनिकोड के प्रयोग पर चर्चा।

उक्त मद पर चर्चा करते हुए सदस्य-सचिव ने बताया कि वर्तमान में नई पीढ़ी के कम्प्यूटरों पर यूनिकोड में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध है। यदि किसी कारणवश किसी कार्यालय के कम्प्यूटरों पर यूनिकोड सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उसे तकनीकी विशेषज्ञों के सहयोग से यूनिकोड समर्थित बनाये जाने की आवश्यकता है। कार्यालय यथावश्यकता अपने कार्मिकों हेतु यूनिकोड के प्रयोग पर केन्द्रित कार्यशालाओं का आयोजन भी कर सकते हैं।

सदस्य कार्यालयों ने उक्त पर अपनी सहमति व्यक्त की।

17. भारत सरकार द्वारा विकसित अनुवाद टूल्स जैसे भारती (कंठस्थ 3.0), अनुवादिनी एवं भाषिणी के प्रयोग पर चर्चा।

सदस्य-सचिव ने समिति को बताया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने हिंदी एवं भारतीय भाषाओं में अनुवाद के लिए भारती, अनुवादिनी एवं भाषिणी जैसे अनुवाद टूल्स विकसित किए हैं जिनका उपयोग कार्यालयीन अनुवाद, वेबसाइट पर त्वरित अनुवाद तथा पाठ्यपुस्तकों के निर्माण में किया जा सकता है।

समस्त कार्यालयों ने उल्लिखित टूल्स के अधिकाधिक प्रयोग को सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की।

18. नराकास, सागर की पत्रिका 'गौर दर्पण' हेतु सामग्री आमंत्रण एवं प्रकाशन पर चर्चा।

सदस्य-सचिव ने बताया के देश के विभिन्न नराकास द्वारा नियमित रूप से पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। इसी अनुक्रम में विगत छमाही बैठक में नराकास, सागर की पत्रिका के प्रकाशन का संकल्प पारित किया गया था।

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रकाशन कार्य हेतु नराकास, सागर के सदस्य कार्यालयों में विशेषज्ञों की एक उप समिति (संपादक मंडल) का गठन

किया गया जिसका संयोजन सदस्य कार्यालय केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक- 04 के पीजीटी हिंदी एवं राजभाषा प्रभारी श्री योगेन्द्र सिंह जी द्वारा किया जा रहा है। संयोजक महोदय ने बताया कि उप समिति की बैठक में पत्रिका का शीर्षण 'गौर दर्पण' तय किया गया तथा प्रकाशन हेतु लगभग 20 कविताएं/लेख इत्यादि प्राप्त हुए हैं। उन्होंने समस्त सदस्यों से आग्रह किया कि प्रकाशन हेतु सामग्री यथाशीघ्र प्रेषित करें ताकि शीघ्र ही पत्रिका का प्रकाशन सुनिश्चित किया जा सके।

समस्त सदस्य कार्यालयों ने सामग्री उपलब्ध कराने पर अपनी सहमति व्यक्त की।

भाग- ग

मार्गदर्शन, सम्मान एवं कृतज्ञता

19. विगत छमाही में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन-तीन सदस्य कार्यालयों (उपक्रम, बैंक एवं कार्यालय- प्रत्येक श्रेणी से तीन) का सम्मान।

सदस्य-सचिव ने सदन को अवगत कराया कि गत छमाही (01 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक) के दौरान अपने कार्यालय/उपक्रम/बैंक में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु 09 सदस्य कार्यालयों को (तीन श्रेणियों: बैंक, उपक्रम एवं कार्यालय- प्रत्येक से तीन) को नराकास, सागर की ओर से 'उत्कृष्टता सम्मान' से पुरस्कृत किया जाना है। पुरस्कार चयन हेतु राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन, राजभाषा नियम 05 का अनुपालन, हिन्दी में मूल पत्राचार का प्रतिशत, हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन, राजभाषा पत्रिका का प्रकाशन एवं हिन्दी दिवस/पखवाड़े का आयो, तिमाही बैठकों का आयोजन तथा हिंदी टिप्पण के प्रतिशत आदि को आधार बनाया गया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर ने माननीय अध्यक्ष महोदय के मार्गदर्शन एवं विशिष्ट अतिथि श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा के अनुमोदन से निम्नलिखित कार्यालयों को 'उत्कृष्टता सम्मान' से पुरस्कृत किया गया-

बैंक श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य :

1. **प्रथम – यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सागर**
2. **द्वितीय - इंडियन ओवरसीज बैंक, सागर**
3. **तृतीय - यूको बैंक, सागर**

बैंक श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य :

प्रथम – यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सागर

द्वितीय - इंडियन ओवरसीज बैंक, सागर

तृतीय - यूको बैंक, सागर



उपक्रम श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य :

प्रथम – भारतीय पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बीना

द्वितीय – नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर

तृतीय - यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर

कार्यालय श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य :

प्रथम – मौसम विज्ञान कार्यालय, सागर

द्वितीय – पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक – 03, सागर

तृतीय - पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, ढाना

समस्त सदस्यों ने विजेता कार्यालयों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विजेता कार्यालयों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान किए गए।

20. उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संबोधन, प्रेरणा एवं समीक्षा।

नराकास बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय(मध्य), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार की नीति प्रेरणा व प्रोत्साहन की नीति है। माननीय अध्यक्ष महोदय का आभार व्यक्त करते हुए श्री मेहरा ने कहा कि आपके यशस्वी नेतृत्व में नराकास, सागर निःसंदेह ही भारत की अग्रणी नराकास के रूप में अपनी पहचान बनायेगी। उन्होंने समस्त कार्यालयों से राजभाषा नियमों एवं राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम के शत-प्रतिशतन अनुपालन सुनिश्चित

करने का अनुरोध किया तथा अपने कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन हेतु किए जा रहे प्रयासों पर केन्द्रित पीपीटी प्रस्तुतिकरण तैयार करने का अनुरोध किया ताकि आगामी बैठकों में किसी एक कार्यालय को प्रस्तुतिकरण का अवसर प्रदान किया जा सके।

21. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई बिंदु पर चर्चा।

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य-सचिव ने बैठक में पधारे अधिकारियों एवं कार्यालय प्रमुखों द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं एवं कठिनाइयों का बिंदुवार समाधान किया।

22. माननीय अध्यक्ष महोदय का उद्बोधन एवं आशीर्वचन।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय कुलपति यशवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यालयों के दैनन्दिन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को निरंतर बढ़ावा देना समस्त केन्द्रीय कार्यालयों, उपक्रमों एवं बैकों का दायित्व है। राजभाषा का प्रभावी कार्यान्वयन तभी संभव है जबकि कार्यालयों के समस्त कार्मिक इसे अपना नैतिक दायित्व मानते हए सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने सदस्य कार्यालयों से आग्रह किया कि

राजभाषा कार्यान्वयन की छमाही रिपोर्ट को यथा-समय प्रेषित करें तथा क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, भोपाल एवं नराकास सचिवालय, सागर द्वारा समय-समय पर वांछित जानकारी को यथा समय भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त कार्यालयों के प्रमुखों से यह भी आग्रह किया नराकास, सागर की गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु आपसी सहमति से निर्धारित सदस्यता शुल्क/अंशदान का भुगतान समय पर करवाने तथा धारा 3(3) के शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु अपने अधीनस्थों को निदेशित करें।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा कार्यान्वयन पर सार्थक चर्चा एवं विचार-विमर्श हेतु उपस्थित समस्त सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों का आभार व्यक्त किया।

23. धन्यवाद ज्ञापन एवं समापन।

बैठक के अंत में नराकास की ओर से आकाशवाणी, सागर के कार्यक्रम अधिकारी श्री दीपक कुमार निषाद ने समिति की ओर से समिति के माननीय अध्यक्ष प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, सदस्य-सचिव श्री

संतोष सोहगौरा, समस्त सम्मानित सदस्यों, कार्यालय प्रमुखों एवं राजभाषा अधिकारियों का आभार ज्ञापन किया।

उक्त बैठक में राजभाषा प्रकोष्ठ, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की ओर से अभिषेक सक्सेना एवं श्री विनोद रजक का सहयोग रहा।

भाग- घ

संगीतमय प्रस्तुति

बैठक के अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक सचिव डॉ. राकेश सोनी द्वारा सुप्रसिद्ध वाद्ययंत्र हारमोनिका (माउथऑर्गन) पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

समस्त सदस्यों ने प्रस्तुति की सराहना की। समिति की ओर से माननीय अध्यक्ष महोदय, विशिष्ट अतिथि एवं सदस्य-सचिव द्वारा डॉ. राकेश सोनी का अभिनंदन किया गया।

इस प्रकार सौहार्दपूर्ण वातावरण में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

उपस्थिति पत्रक

क्र.	सदस्य कार्यालय का नाम	कार्यालय प्रमुख	हिन्दी अधिकारी/प्रतिनिधि
	बैंक		
1	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	उपस्थित	
2	पंजाब नैशनल बैंक	उपस्थित	
3	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	उपस्थित	उपस्थित
4	भारतीय स्टेट बैंक	उपस्थित	उपस्थित
5	बैंक ऑफ इंडिया		उपस्थित

क्र.	सदस्य कार्यालय का नाम	कार्यालय प्रमुख	हिन्दी अधिकारी/प्रतिनिधि
6	यूको बैंक	उपस्थित	
7	इंडियन बैंक	उपस्थित	
8	इंडियन ओवरसीज बैंक	उपस्थित	
9	बैंक ऑफ बड़ौदा	उपस्थित	
10	पंजाब एंड सिंध बैंक	उपस्थित	उपस्थित
11	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	उपस्थित	
12	केनरा बैंक	उपस्थित	
उपक्रम			
13	पॉवर ग्रिड का.ऑफ इं.लि.		उपस्थित
14	भारतीय खाद्य निगम	उपस्थित	
15	भारत संचार निगम लिमिटेड		उपस्थित
16	दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कं. लि.	उपस्थित	
17	ओरियंटल इंश्योरेश कं. लि.	उपस्थित	उपस्थित
18	नेशनल इंश्योरेंस कं. लि.		उपस्थित
19	यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेस कं.लि.		उपस्थित

क्र.	सदस्य कार्यालय का नाम	कार्यालय प्रमुख	हिन्दी अधिकारी/प्रतिनिधि
20	भारतीय जीवन बीमा निगम	उपस्थित	
21	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बीना	उपस्थित	
22	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड सागर डिपो, सागर	अनुपस्थित	अनुपस्थित
	कार्यालय		
23	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन		उपस्थित
24	आकाशवाणी, सागर	उपस्थित	
25	केन्द्रीय विद्यालय क्र. 01	उपस्थित	उपस्थित
26	केन्द्रीय विद्यालय 02	उपस्थित	
27	केन्द्रीय विद्यालय 03	उपस्थित	उपस्थित
28	केंद्रीय विद्यालय- 4	उपस्थित	उपस्थित
29	केन्द्रीय विद्यालय, ढाना	उपस्थित	उपस्थित
30	केन्द्रीय विद्यालय, बीना	उपस्थित	उपस्थित
31	जवाहर नवोदय विद्यालय, खुरई		उपस्थित

क्र.	सदस्य कार्यालय का नाम	कार्यालय प्रमुख	हिन्दी अधिकारी/प्रतिनिधि
32	डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय	उपस्थित	उपस्थित
33	मौसम विज्ञान केंद्र	उपस्थित	
34	संयुक्त आयकर आयुक्त परिक्षेत्र	अनुपस्थित	अनुपस्थित
35	रेलवे स्टेशन	उपस्थित	उपस्थित
36	केन्द्रीय संचार ब्यूरो (पूर्व नाम क्षेत्रीय प्रचार कार्यालय)	अनुपस्थित	अनुपस्थित
37	राष्ट्रीय प्रतिदर्श (सांख्यकीय) सर्वेक्षण कार्यालय मकरोनिया सागर	उपस्थित	उपस्थित
38	कार्यालय अधीक्षक डाकघर	उपस्थित	उपस्थित
39	अधिशासी छावनी परिषद		उपस्थित
40	केन्द्रीय माल एवं सेवाकर प्रभाग	अनुपस्थित	अनुपस्थित
41	वेतन लेखा कार्यालय, महार रेजीमेंट सेंटर, सागर	उपस्थित	उपस्थित
42	राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, सागर	अनुपस्थित	अनुपस्थित

***

प्रथम छमाही समीक्षा बैठक
(वर्ष 2026-27)

राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
भारत सरकार

सचिवालय /Secretariat

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर (म.प्र.)

Town Official Language Implementation Committee, Sagar (M.P.)

नराकास कोड : 247 ई-मेल : tolic.sagar@dhsgsu.edu.in दूरभाष : 07582-297118

तिथि : 15 जून, 2026 (सोमवार) | समय : मध्याह्न 12.15 बजे से | स्थान : होटल रॉयल पैलेस, राजघाट रोड, सागर

कार्यसूची

पुष्पांजलि एवं स्वागत

1. मां सरस्वती एवं डॉ. गौर को पुष्पांजलि अर्पण कर बैठक का शुभारंभ।
2. माननीय अध्यक्ष एवं कुलपति महोदय प्रो. वाय.एस. ठाकुर का स्वागत।
3. विशिष्ट अतिथि श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का स्वागत।
4. सम्माननीय सदस्य कार्यालयाध्यक्षों का स्वागत एवं परिचय।

राजभाषा का प्रभावी कार्यान्वयन : समीक्षा और संवाद

5. द्वितीय छमाही बैठक के कार्रवाई प्रतिवेदन की पुष्टि।
6. सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट (01 अक्टूबर 2025 से 31 मार्च, 2026) की समीक्षा।
7. राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम 2026-27 पर चर्चा।
8. संसदीय राजभाषा समिति की 40वीं बैठक के कार्यवृत्त पर चर्चा।
9. राजभाषा विभाग की सूचना प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रेषण पर चर्चा।
10. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) की सदस्य कार्यालयों में अनुपालन की स्थिति पर चर्चा।
11. राजभाषा नियम 1976 के नियम 11 के अनुपालन पर चर्चा।
12. राजभाषा नियम 1976 के नियम 10 (4) के तहत कार्यालयों को अधिसूचित कराने पर चर्चा।
13. कार्यालयों के पुस्तकालयों में 50 प्रतिशत हिंदी पुस्तकों की खरीद पर चर्चा।
14. सदस्य कार्यालयों की वेबसाइट को संवर्धित व द्विभाषी बनाने पर चर्चा।
15. सदस्य कार्यालयों में कम्प्यूटरों पर यूनिकोड के प्रयोग पर चर्चा।
16. भारत सरकार द्वारा विकसित अनुवाद टूल्स जैसे भारती (कंठस्थ 3.0), अनुवादिनी एवं भाषिणी के प्रयोग पर चर्चा।
17. नराकास, सागर की पत्रिका **'गौर दर्पण'** हेतु सामग्री आमंत्रण एवं प्रकाशन पर चर्चा।

मार्गदर्शन, सम्मान एवं कृतज्ञता

18. विगत छमाही में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन-तीन सदस्य कार्यालयों (उपक्रम, बैंक एवं कार्यालय प्रत्येक श्रेणी से तीन) का सम्मान।
19. उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संबोधन, प्रेरणा एवं समीक्षा।
20. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य किसी बिंदु पर चर्चा।
21. माननीय अध्यक्ष महोदय का उद्बोधन एवं आशीर्वचन।
22. सदस्य-सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं समापन।

(संतोष सोहगौरा)
सदस्य-सचिव
नराकास, सागर (म.प्र.)

फोटो गैलरी

एवं

अखबारों की कतरनें

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर (म.प्र.)
TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE (TOLIC), SAGAR (M.P.)
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, GOVERNMENT OF INDIA
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर
प्रथम छमाही समीक्षा बैठक 2026-27
15 जून, 2026, सोमवार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर (म.प्र.)
TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE (TOLIC), SAGAR (M.P.)
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
राजघाट रोड, सागर (म.प्र.)

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर (म.प्र.)
TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE (TOLIC), SAGAR (M.P.)
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, GOVERNMENT OF INDIA
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर
प्रथम छमाही समीक्षा बैठक 2026-27
15 जून, 2026, सोमवार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर
बैठक 2026-27

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
15 जून, 2026

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर (म.प्र.)
15 जून, 2026, सोमवार

(नराकास), सागर (म.प्र.)
COMMITTEE (TOLIC), SAGAR (M.P.)
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
समिति, सागर
2026-27
सागर (म.प्र.)

कार्यान्वयन समिति, सागर
बैठक 2026-27
जून, 2026, सोमवार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर (म.प्र.)
TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE (TOLIC), SAGAR (M.P.)
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, GOVERNMENT OF INDIA
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर
प्रथम छमाही समीक्षा बैठक 2026-27
15 जून, 2026, सोमवार
प्रो. वाई. एस. ठाकुर
विशिष्ट अतिथि

देशबंधु दिनांक 14.06.2026

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक आज

सागर, देशबन्धु। नगर स्थित केन्द्रीय बैंकों, उपक्रमों, कार्यालयों में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नराकास की छमाही स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाती हैं। सागर नगर की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक 15 जून को 12 बजे से डॉ. हरीसिंह गौर विवि कुलपति एवं नराकास, सागर के अध्यक्ष प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में होटल रॉयल पैलेस में आयोजित की जा रही है। उक्त बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक कार्यान्वयन, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय मध्य राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे। समिति के सदस्य-सचिव एवं विवि के संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सागर, बीना एवं ढाना के समस्त केन्द्रीय कार्यालयों, बैंकों, उपक्रमों के प्रमुखों से बैठक में अपनी सहभागिता अनिवार्यत: सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है ताकि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार केन्द्रीय कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगामी प्रगति को बढ़ावा देने हेतु समीक्षा उपरांत विचार विमर्श किया जा सके।

ज्ञान गुण सागर | सागर | सागर, गुरुवार 18 जून 2026 | 5

राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नियमों की जानकारी व अनुपालन प्राथमिक आवश्यकता है: प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक सम्पन्न

ज्ञान गुण सागर/सागर। कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक आवश्यकता है राजभाषा नियमों की जानकारी और उनका शत-प्रतिशत अनुपालन। इस उद्देश्य से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार प्रतिवर्ष राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है जिसका अनुसरण और अनुपालन सुनिश्चित करना सभी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है। यह बात नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक के दौरान अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नराकास, सागर के अध्यक्ष एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने कही। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य?), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार की नीति प्रेरणा व प्रोत्साहन की नीति है।इस अवसर पर नराकास के सदस्य-सचिव एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा संबंधी विभिन्न नियमों के अनुपालन की स्थिति का लेखा-जोखा समिति के समक्ष रखा। सदस्य कार्यालयों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए सोहगौरा ने कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में आ रही समस्याओं का भी समाधान किया। प्रोत्साहन स्वरूप अक्टूबर, 2025 से मार्च, 2026 के दौरान अपने बैंक, उपक्रम एवं कार्यालय में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रत्येक श्रेणी में तीन कार्यालयों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। बैंक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता क्रमशः यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सागर, इंडियन ओवरसीज बैंक, सागर एवं यूको बैंक, सागर, उपक्रम श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड, बीना, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर एवं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर रहे। साथ ही कार्यालय श्रेणी में मौसम विज्ञान कार्यालय, सागर को प्रथम, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 03, सागर को द्वितीय एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, ढाना को तृतीय उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, सागर, पंजाब नेशनल बैंक, सागर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सागर, यूको बैंक, सागर, इंडियन बैंक, सागर, बैंक ऑफ बड़ौदा, सागर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सागर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सागर, इंडियन ओवरसीज बैंक, सागर, पंजाब एवं सिंध बैंक, सागर, केनरा बैंक, सागर, पावरग्रिड ऑफ इंडिया लिमिटेड, बीना, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि., बीना, भारतीय खाद्य निगम, सागर, भारत संचार निगम लिमिटेड, सागर, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, सागर, दि न्यू इंडिया इंश्योरेंस कं. लि., सागर, ओरिएंटल इंश्योरेंस कं.लि., सागर, भारतीय जीवन बीमा निगम, सागर, आकाशवाणी, सागर, मुख्य डाकघर, सागर, अधिशासी, छावनी परिषद, सागर, सागर, बीना एवं ढाना स्थित समस्त केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, सुरखी, मौसम विज्ञान कार्यालय, सागर, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, सागर एवं राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, सागर सहित 40 से अधिक कार्यालयों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक सचिव डॉ. राकेश सोनी ने बैठक में विशिष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। आभार ज्ञापन आकाशवाणी, सागर के दीपक निषाद ने दिया तथा संचालन विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ के हिन्दी अनुवादक अभिषेक सक्सेना ने किया। विशेष सहयोग राजभाषा प्रकोष्ठ के उच्च श्रेणी लिपिक विनोद रजक का रहा।

नियमों की जानकारी व अनुपालन अनिवार्य

नवभारत न्यूज

सागर 15 जून. कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक आवश्यकता है राजभाषा नियमों की जानकारी और उनका शत-प्रतिशत अनुपालन. इस उद्देश्य से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार प्रतिवर्ष राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है जिसका अनुसरण और अनुपालन सुनिश्चित करना सभी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है.

यह बात नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक के दौरान अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नराकास के अध्यक्ष एवं डा. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने कही. बैठक में विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक ने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सुझाव दिए. इस अवसर पर नराकास के सदस्य सचिव एवं संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की.

दबंग बुंदेलखण्ड दिनांक 16.06.2026

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक सम्पन्न

राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नियमों की जानकारी व अनुपालन प्राथमिक आवश्यकता है : प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर

दबंग बुन्देलखण्ड

सागर। कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक आवश्यकता है राजभाषा नियमों की जानकारी और उनका शत-प्रतिशत अनुपालन। इस उद्देश्य से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार प्रतिवर्ष राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है जिसका अनुसरण और अनुपालन सुनिश्चित करना सभी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है। यह बात नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक के दौरान अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नराकास, सागर के अध्यक्ष एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने कही। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि राजभाषा कार्यान्व?यन के लिए भारत सरकार की नीति प्रेरणा व प्रोत्साहन की नीति है। इस अवसर पर नराकास के सदस्य-सचिव एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा संबंधी विभिन्न नियमों के अनुपालन की स्थिति का लेखा-जोखा समिति के समक्ष रखा। सदस्य कार्यालयों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए श्री सोहगौरा ने कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में आ रही समस्याओं का भी समाधान किया। प्रोत्साहन स्वरूप अक्टूबर, 2025 से मार्च, 2026 के दौरान अपने बैंक, उपक्रम एवं कार्यालय में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रत्येक श्रेणी से तीन कार्यालयों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। बैंक श्रेणी से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता क्रमशः यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सागर, इंडियन ओवरसीज बैंक, सागर एवं यूको बैंक, सागर, उपक्रम श्रेणी से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड, बीना, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर एवं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर रहे। साथ ही कार्यालय श्रेणी में मौसम विज्ञान कार्यालय, सागर को प्रथम, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 03, सागर को द्वितीय एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, ढाना को तृतीय उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया।

स्वदेश दिनांक 16.06.2026

राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उत्कृष्ट कार्यालयों को मिले पुरस्कार

कार्यालयों में राजभाषा नियमों का अनुपालन सभी का नैतिक दायित्वः प्रो. ठाकुर

स्वदेश संवाददाता ■ सागर

कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए राजभाषा नियमों की जानकारी और उनका शत-प्रतिशत अनुपालन सबसे पहली आवश्यकता है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम का अनुसरण करना सभी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है। यह बात नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक के दौरान अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर ने कही। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), राजभाषा विभाग के उप निदेशक नरेन्द्र सिंह मेहरा ने सदस्यों को नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार की नीति राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए प्रेरणा व प्रोत्साहन की है। नराकास के सदस्य-सचिव व विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव श्री संतोष सोहगौरा ने छमाही प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा की और विभिन्न कार्यालयों की समस्याओं का मौके पर समाधान भी किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालय हुए सम्मानित

अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 की अवधि में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए तीन श्रेणियों में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें बैंक श्रेणी में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को प्रथम, इंडियन ओवरसीज बैंक को द्वितीय एवं यूको बैंक, सागर को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं उपक्रम श्रेणी में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीना) ने प्रथम, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी ने द्वितीय एवं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यालय श्रेणी में मौसम विज्ञान कार्यालय (सागर) को प्रथम, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 03 (सागर) को द्वितीय एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय (ढाना) को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक सचिव डॉ. राकेश सोनी ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। संचालन राजभाषा प्रकोष्ठ के हिन्दी अनुवादक अभिषेक सक्सेना ने किया। आभार प्रदर्शन दीपक निषाद ने माना। आयोजन को सफल बनाने में राजभाषा प्रकोष्ठ के उच्च श्रेणी लिपिक विनोद रजक का विशेष सहयोग रहा।

हिन्दी मात्र भाषा नहीं, भावों की अभिव्यक्ति है।
यह मातृभूमि पर मर मिटने की शक्ति है।
सुनील माहेश्वरी

देशबन्धु सागर, मंगलवार 16 जून, 2026 **सागर**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक संपन्न

राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नियमों की जानकारी व अनुपालन आवश्यकः प्रो. ठाकुर

सागर, देशबन्धु। कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिये प्राथमिक आवश्यकता है राजभाषा नियमों की जानकारी और उनका शत प्रतिशत अनुपालन। इस उद्देश्य से राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार प्रतिवर्ष राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है जिसका अनुसरण और अनुपालन सुनिश्चित करना सभी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है। यह बात नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नराकास सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक के दौरान अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नराकास सागर के अध्यक्ष एवं डॉ. हरीसिंह गौर विवि कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर ने कही। बैठक में विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक कार्यान्वयन, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय मध्य, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बताया कि राजभाषा कार्यान्वयन के लिये भारत सरकार की नीति प्रेरणा व प्रोत्साहन की नीति है। नराकास के सदस्य, सचिव एवं डॉ. हरीसिंह गौर विवि के संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा करते हुये विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा संबंधी विभिन्न नियमों के अनुपालन की स्थिति का लेखा-जोखा समिति के समक्ष रखा। सदस्य कार्यालयों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुये सोहगौरा ने कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में आ रही समस्याओं का भी समाधान किया। प्रोत्साहन स्वरूप अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 के दौरान अपने बैंक, उपक्रम एवं कार्यालय में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रत्येक श्रेणी से तीन कार्यालयों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किये गये। बैंक श्रेणी से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता क्रमशः यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, एवं यूको बैंक उपक्रम श्रेणी से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड बीना, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सागर एवं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सागर, साथ ही कार्यालय श्रेणी में मौसम विज्ञान कार्यालय सागर को प्रथम, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 3 सागर को द्वितीय एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय छाना को तृतीय उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया। उक्त बैठक में सभी बैंक, पावरग्रिड ऑफ इंडिया लिमिटेड बीना, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. बीना, भारतीय खाद्य निगम, भारत संचार निगम लिमिटेड, सभी बीमा कंपनी, आकाशवाणी, मुख्य डाकघर, अधिशासी, छावनी परिषद, सागर बीना एवं छाना स्थित समस्त केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, खुरई मौसम विज्ञान कार्यालय, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एवं राष्ट्रीय सांख्यकीय कार्यालय सहित 40 से अधिक कार्यालयों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित रहे। विवि के सांस्कृतिक सचिव डॉ. राकेश सोनी ने बैठक में विशिष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। आभार ज्ञापन आकाशवाणी दीपक निषाद ने दिया तथा संचालन अभिषेक सक्सेना ने किया। विशेष सहयोग राजभाषा प्रकोष्ठ के उच्च श्रेणी लिपिक विनोद रजक का रहा।

नवदुनिया दिनांक 16.06.2026

कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने अपने विचार रखे। • नवदुनिया

'राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नियमों की जानकारी व अनुपालन प्राथमिक आवश्यकता'

नवदुनिया प्रतिनिधि, सागरः कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक आवश्यकता है। राजभाषा नियमों की जानकारी और उनका शत-प्रतिशत अनुपालन। इस उद्देश्य से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार प्रतिवर्ष राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है जिसका अनुसरण और अनुपालन सुनिश्चित करना सभी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक सोमवार को डाक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा संबंधी विभिन्न नियमों के अनुपालन की स्थिति का लेखा-जोखा समिति के समक्ष रखा। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय ने बताया कि राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार की नीति प्रेरणा व प्रोत्साहन की नीति है। इस दौरान अपने बैंक, उपक्रम एवं कार्यालय में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रत्येक श्रेणी से तीन कार्यालयों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। बैंक श्रेणी से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए गए। साथ ही कार्यालय श्रेणी में मौसम विज्ञान कार्यालय, सागर को प्रथम, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 3, सागर को द्वितीय एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय ढाना को तृतीय उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक सचिव डा. राकेश सोनी ने बैठक में विशिष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। आभार दीपक निषाद ने माना। संचालन विवि के राजभाषा प्रकोष्ठ के हिंदी अनुवादक अभिषेक सक्सेना ने किया।

राज एक्सप्रेस

मंगलवार, 16 जून 2026

'राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नियमों की जानकारी जरूरी'

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति छमाही समीक्षा बैठक संपन्न

● सागर/ राज न्यूज नेटवर्क

कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक आवश्यकता है राजभाषा नियमों की जानकारी और उनका शत प्रतिशत अनुपालन। इस उद्देश्य से राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार प्रतिवर्ष राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है जिसका अनुशरण और अनुपालन सुनिश्चित करना सभी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है। यह बात नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक के दौरान अध्यक्षीय उद्बोधन में नराकास, सागर के अध्यक्ष एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वायएस ठाकुर ने कही। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नरेन्द्र सिंह मेहरा उप निदेशक कार्यान्वयन क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय ने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि राजभाषा कार्यान्वदन के लिए भारत सरकार की नीति प्रेरणा व प्रोत्साहन की नीति है। इस अवसर पर नराकास के सदस्य सचिव संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा संबंधी विभिन्न नियमों के अनुपालन की स्थिति का लेखा जोखा समिति के समक्ष रखा। प्रोत्साहन स्वरूप अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 के दौरान अपने बैंक, उपक्रम एवं कार्यालय में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रत्येक श्रेणी से तीन कार्यालयों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। बैठक में विभिन्न बैंकों, उपक्रमों, विद्यालयों एवं शासकीय कार्यालयों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे। विवि के सांस्कृतिक सचिव डॉ राकेश सोनी ने बैठक में विशिष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। आभार ज्ञापन आकाशवाणी सागर के दीपक निषाद ने दिया तथा संचालन विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ के हिन्दी अनुवादक अभिषेक सक्सेना ने किया।

पत्रिका न्यूज दिनांक 16.06.2026

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक

नियमों की जानकारी व अनुपालन राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता : कुलपति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सागर. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की वर्ष-2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक सोमवार को हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रभावी एक्सपेरिमेंट, नियमों की जानकारी और उनके शत-प्रतिशत अनुपालन था। नराकास के अध्यक्ष और डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर ने कहा कि राजभाषा के प्रभावी एक्सपेरिमेंट के लिए नियमों की जानकारी व अनुपालन प्राथमिक आवश्यकता है। राजभाषा विभाग के उप निदेशक नरेंद्र सिंह मेहरा ने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया व कार्यान्वयन के लिए सुझाव दिए। नराकास के सदस्य-सचिव संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा करते हुए राजभाषा संबंधी नियमों के अनुपालन की स्थिति प्रस्तुत की और कार्यालयों में आ रही समस्याओं का समाधान किया। बैठक में विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, केंद्रीय विद्यालयों और अन्य केंद्रीय कार्यालयों सहित 40 से अधिक कार्यालयों के प्रमुख व राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे। आभार दीपक निषाद ने माना।

तीन कार्यालयों को उत्कृष्टता पुरस्कार

अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 के दौरान राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रत्येक श्रेणी से तीन कार्यालयों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। बैंक श्रेणी में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक और यूको बैंक। सागर उपक्रम श्रेणी में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड बीना, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सागर। कार्यालय श्रेणी में मौसम विज्ञान सागर को प्रथम, केंद्रीय विद्यालय क्र. 3 को द्वितीय एवं पीएमश्री विद्यालय ढाना को तृतीय पुरस्कार मिला।

आचरण दिनांक 16.06.2026

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक सम्पन्न

आचरण संवाददाता

सागर। कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक आवश्यकता है राजभाषा नियमों की जानकारी और उनका शत-प्रतिशत अनुपालन। इस उद्देश्य से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार प्रतिवर्ष राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है जिसका अनुसरण और अनुपालन सुनिश्चित करना सभी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है। यह बात नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक के दौरान अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नराकास, सागर के अध्यक्ष एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने कही। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार की नीति प्रेरणा व प्रोत्साहन की नीति है।

इस अवसर पर नराकास के सदस्य-सचिव एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा संबंधी विभिन्न नियमों के अनुपालन की स्थिति का लेखा-जोखा समिति के समक्ष रखा।

सदस्य कार्यालयों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए सोहगौरा ने कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में आ रही समस्याओं का भी समाधान किया। प्रोत्साहन स्वरूप अक्टूबर, 2025 से मार्च, 2026 के दौरान अपने बैंक, उपक्रम एवं कार्यालय में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रत्येक श्रेणी से तीन कार्यालयों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए।

बैंक श्रेणी से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता क्रमशः यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सागर, इंडियन ओवरसीज बैंक, सागर एवं यूको बैंक, सागर, उपक्रम श्रेणी से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड, बीना, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर एवं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर रहे। साथ ही कार्यालय श्रेणी में मौसम विज्ञान कार्यालय, सागर को प्रथम, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 03, सागर को द्वितीय एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, ढाना को तृतीय उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, सागर, पंजाब नेशनल बैंक, सागर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सागर, यूको बैंक, सागर, इंडियन बैंक, सागर, बैंक ऑफ बड़ौदा, सागर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सागर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सागर, इंडियन ओवरसीज बैंक, सागर, पंजाब एवं सिंध बैंक, सागर, केनरा बैंक, सागर, पावरग्रिड ऑफ इंडिया लिमिटेड, बीना, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि., बीना, भारतीय खाद्य निगम, सागर, भारत संचार निगम लिमिटेड, सागर, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, सागर, दि न्यू इंडिया इंश्योरेंश कं. लि., सागर, ओरियंटल इंश्योरेंश कं.लि., सागर, भारतीय जीवन बीमा निगम, सागर, आकाशवाणी, सागर, मुख्य डाकघर, सागर, अधिशासी, छावनी परिषद, सागर, सागर, बीना एवं ढाना स्थित समस्त केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, खुरई मौसम विज्ञान कार्यालय, सागर, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, सागर एवं राष्ट्रीय सांख्यकीय कार्यालय, सागर सहित 40 से अधिक कार्यालयों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक सचिव डॉ. राकेश सोनी ने बैठक में विशिष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। आभार ज्ञापन आकाशवाणी, सागर के दीपक निषाद ने दिया तथा संचालन विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ के हिन्दी अनुवादक अभिषेक सक्सेना ने किया। विशेष सहयोग राजभाषा प्रकोष्ठ के उच्च श्रेणी लिपिक विनोद रजक का रहा।

दैनिक भास्कर

राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन में नियमों का अनुपालन आवश्यक है : प्रो. ठाकुर

सागर| नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग एवं अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई।

अध्यक्षीय उद्बोधन में नराकास अध्यक्ष एवं डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाईएस ठाकुर ने कहा कि राजभाषा नियमों की जानकारी और उनका शत-प्रतिशत अनुपालन ही प्रभावी कार्यान्वयन की मूल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम का पालन सभी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है।

विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र सिंह मेहरा ने राजभाषा नीति की जानकारी देते हुए इसे प्रेरणा और प्रोत्साहन आधारित नीति बताया। नराकास सदस्य सचिव संतोष सोहगौरा ने छमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 अवधि के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों को सम्मानित किया गया। बैंक श्रेणी में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सागर, इंडियन ओवरसीज बैंक एवं यूको बैंक सागर को पुरस्कार मिला। उपक्रम श्रेणी में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन बीना, नेशनल इंश्योरेंस एवं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस सागर को सम्मानित किया गया। कार्यालय श्रेणी में मौसम विज्ञान कार्यालय सागर, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3 एवं ढाना को पुरस्कृत किया गया।

बैठक में 40 से अधिक कार्यालयों के अधिकारी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुति डॉ. राकेश सोनी ने दी तथा संचालन अभिषेक सक्सेना ने किया।

HOME DOWNLOADS » PARENT CATEGORY » FEATURED HEALTH »

HOME BUSINESS » DOWNLOADS » PARENT CATEGORY » FEATURED HEALTH » UNCATEGORIZED

विशेष रपट

जलभराव का कारण बने अतिक्रमण पन्द्रह दिन में हटेंगे, ,▪बख्शीखाना व नया बाजार को जी प्लस-2 मॉडल पर बनाया जाएगा▪ टाटा कंपनी पर लगेगी पेनाल्टी▪मीडिया से चर्चा में मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा-

जलभराव का कारण बने अतिक्रमण पन्द्रह दिन में हटेंगे, ,▪बख्शीखाना व नया बाजार को जी प्लस-2 मॉडल पर बनाया जाएगा ▪ टाटा कंपनी पर लगेगी पेनाल्...

ज़्यादा जानें राजनीति

तीनबत्ती न्यूज.कॉम

Editor: Vinod Arya | 94244 37885

Home » ▫ राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमों की जानकारी और अनुपालन आवश्यक : कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ▪नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक

राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमों की जानकारी और अनुपालन आवश्यक : कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ▪नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक

www.teenbattinews.com जून 15, 2026 No comments

राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमों की जानकारी और अनुपालन आवश्यक : कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर

▪नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक

Search

WWW.TEENBATTINEWS.COM

Popular Posts Archives

CBSE बॉलीबाल टेनिस क्लस्टर XII के तीसरे दिन 15 मैच हुए संपन्न,गुरुवार को समापन

CBSE बॉलीबाल टेनिस क्लस्टर XII के तीसरे दिन 15 मैच हुए संपन्न, गुरुवार को समापन सागर। डीपीएस सागर में चल रहे सीबीएसई द्वारा आयोजित बॉलीवा...

सागर नगर निगम में 8 एल्डरमैन नियुक्त, शासन ने जारी की सूची

सागर नगर निगम में 8 एल्डरमैन नियुक्त, शासन ने जारी की सूची तीनबत्ती न्यूज: 20 जुलाई, 2026 सागर। मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास व...

मध्यप्रदेश के 13 नगर निगमों में एल्डरमैन नामित, इंदौर ,सागर-भोपाल समेत पूरी सूची जारी

मध्यप्रदेश शासन ने 13 नगर पालिक निगमों में एल्डरमैन नियुक्त किए : देखें सूची तीनबत्ती न्यूज: 20 जुलाई, 2026 भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार के न...

MP IPS Transfer 2026: मध्यप्रदेश में 3 आईपीएस अधिकारियों के तबादले, टीकमगढ़ और श्योपुर के बदले एसपी

मध्यप्रदेश में तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले, टीकमगढ़ और श्योपुर को मिले नए पुलिस अधीक्षक तीनबत्ती न्यूज: 19 जुलाई 2026 भोपाल: मध्यप्रद...

ज़्यादा जानें

यात्रा की गाइड और यात्रा की जानकारी

रेल से सामान भेजने की सेवा

शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका

तीनबत्ती न्यूज : 15 जून 2026 सागर : कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए राजभाषा नियमों की समुचित जानकारी तथा उनका शत-प्रतिशत अनुपालन अत्यंत आवश्यक है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष जारी किए जाने वाले वार्षिक कार्यक्रम का पालन सभी सरकारी कार्यालयों का नैतिक दायित्व है। यह बात नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही समीक्षा बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कही।

सागर में आयोजित इस बैठक में क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के उप निदेशक (कार्यान्वयन) श्री नरेंद्र सिंह मेहरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति प्रेरणा एवं प्रोत्साहन पर आधारित है और इसका उद्देश्य कार्यालयों में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देना है।

बैठक में नराकास सागर के सदस्य-सचिव एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव तथा राजभाषा अधिकारी श्री संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा

MPINFO HINDI NEWS

प्रदेश के विकास और जन-कल्याण को गति देने के लिए 30,055 करोड़ रूपये की कैबिनेट स्वीकृति - Invalid Date - राजेश बैन/अनुराग उइके

मध्य क्षेत्रीय परिषद् की अगली बैठक होगी उज्जैन में : मुख्यमंत्री डॉ. यादव - Invalid Date - घनश्याम सिरसाम

कौशल प्रशिक्षण से बढ़ रहा बेटियों का आत्मविश्वास, आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ रहे कदम - Invalid Date - बबीता मिश्रा

ई-रिक्शा से कैबिनेट बैठक के लिए मंत्रालय पहुंचे मंत्री द्वय श्री टेटवाल और श्री पंवार - Invalid Date - बबीता मिश्रा/शिवम शुक्ल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. मल्हारराव होल्कर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि - Invalid Date - घनश्याम सिरसाम

दिल्ली: बीजेपी नेता विजय गोयल ने ऑड-ईवन के नियमों को तोड़ा, कटा 4000 रुपये का चालान - 04/11/2019 - एबीपी न्यूज़

ईपीएफ के नियमों में जल्द होने वाला है बड़ा बदलाव, 50 लाख कर्मचारियों को होगा फायदा - 05/11/2019 - जैनेंद्र कुमार, एबीपी न्यूज़

महाराष्ट्र: मुख्यमंत्री पद से समझौता नहीं करेगी बीजेपी, कहा- शिवसेना से चर्चा के लिए दरवाजे खुले हैं- सूत्र - 04/11/2019 - एबीपी न्यूज़

महाराष्ट्र के राज्यपाल से मिले संजय राउत, कहा- सरकार बनाने में शिवसेना कोई अड़चन नहीं - 04/11/2019 - एबीपी न्यूज़

दिल्ली-NCR में कंस्ट्रक्शन पर लगा बैन तोड़ने पर 1 लाख जुर्माना, कचरा जलाने पर ₹5000 फाइन- SC - 04/11/2019 - एबीपी न्यूज़

ज़्यादा जानें

समाचार

राजनीति (दक्षिणपं...

समय और कैलेंडर

फ़ार्मेसी

छुट्टियां व मौसमी ...

भौगोलिक संदर्भ

राजनीति

शहर और स्थानीय ...

20 जुलाई से 26 जुलाई 2026 का साप्ताहिक राशिफल: जानें सभी 12 राशियों का भविष्य, शुभ दिन और ज्योतिषीय उपाय

साप्ताहिक राशिफल: 20 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक कैसा रहेगा आपका भाग्य? जानें पंडित अनिल पांडे से तीनबत्ती न्यूज़ : 19 जुलाई, 2026 वर्तमान युग...

नीट पेपर में अब बोर्ड परीक्षाओं में मिले अंकों के ... - Anonymous

ऐसे नीच कमीनो को कड़ा दंड दिया जाना चाहिए - Anonymous

भैया हमें भी गर्व है कि हम आपके संरक्षण में कार्य ... - Karuna Thakur

ख़बर तो ठीक है पर फोटो मंत्री जी का क्यों लगाया। म... - Anonymous

डॉ साहिब, बहुत अच्छा लगा, बीड़ी मजदूरों का स्मरण क... - Anonymous

CATEGORIES

BJP Congress Crime/Police Culture Education / शिक्षा Environment / पर्यावरण Health Local Bodies OFF TRACK खेल / Sports धर्म / Religion प्रशासन / Administration मत / Opinion मनोरंजन / Entertainment राजनीति / Political संस्कृति साहित्य / literature

×

सबधी नियमों के अनुपालन की स्थिति का विस्तृत लेखा-जोखा समिति के समक्ष रखा तथा अधिकारियों से चर्चा कर राजभाषा कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं का समाधान भी किया।

ज़्यादा जानें
कैल्क्युलेटर और सं...
विधान शाखा
Maps
लंबी दूरी के लिए ब...
छुट्टियां व मौसमी ...
राज्य और स्थानीय ...
भौगोलिक संदर्भ
प्रचार अभियान और...

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों को मिला सम्मान

बैठक में अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 की अवधि में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों को सम्मानित किया गया।

बैंक श्रेणी

प्रथम पुरस्कार – यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सागर

द्वितीय पुरस्कार – इंडियन ओवरसीज बैंक, सागर

तृतीय पुरस्कार – यूको बैंक, सागर

उपक्रम श्रेणी

प्रथम पुरस्कार – भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बीना

द्वितीय पुरस्कार – नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर

ज़्यादा जानें
यात्रा की गाइड और यात्रा की जानकारी
फ़ार्मेसी
लंबी दूरी के लिए बस और रेल की सेवाएं

तृतीय पुरस्कार – यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सागर

कार्यालय श्रेणी

प्रथम पुरस्कार – मौसम विज्ञान कार्यालय, सागर

×

द्वितीय पुरस्कार – पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-03, सागर

तृतीय पुरस्कार – पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, ढाना

40 से अधिक केंद्रीय कार्यालयों की सहभागिता

बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, केनरा बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, बीना, भारतीय खाद्य निगम, भारत संचार निगम लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम, आकाशवाणी सागर, मुख्य डाकघर सागर, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा अन्य अनेक केंद्रीय कार्यालयों सहित 40 से अधिक संस्थानों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक सचिव डॉ. राकेश सोनी ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन श्री दीपक निषाद (आकाशवाणी, सागर) ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ के हिंदी अनुवादक अभिषेक सक्सेना ने किया। आयोजन को सफल बनाने में राजभाषा प्रकोष्ठ के उच्च श्रेणी लिपिक श्री विनोद रजक का विशेष सहयोग रहा।

ज़्यादा जानें

राज्य और स्थानीय प्रशासन >

समाचार >

Maps >

बैठक के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न कार्यालयों के बीच समन्वय तथा भारत सरकार की राजभाषा नीति के सफल अनुपालन की दिशा में महत्वपूर्ण चर्चा और समीक्षा की गई।

सचिवालय
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर (म.प्र.)
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

संतोष सोहगौरा
सदस्य- सचिव
संयुक्त कुलसचिव एवं प्रभारी राजभाषा अधिकारी
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

ई–मेल : tolic.sagar@dhsgsu.edu.in
दूरभाष : 07582-297118
नराकास कोड : 247
मोबाइल नं. : 9479398600

क्र.: नराकास, सागर / 2026 / छ.बै. / 68 दिनांक : 01 जून, 2026

प्रतिष्ठा में,

समस्त सम्माननीय कार्यालय प्रमुख
सदस्य कार्यालय
नराकास, सागर (म.प्र.)

अतिआवश्यक

विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही बैठक दिनांक 15 जून, 2026 (सोमवार) को आयोजित किये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की वर्ष 2026-27 की **प्रथम छमाही बैठक नराकास, सागर** के अध्यक्ष एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के **माननीय कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर की अध्यक्षता** में आयोजित की जा रही है।

उक्त बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में **श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन),** क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे।

- **बैठक की तिथि : 15 जून, 2026 (सोमवार)**
- **समय : अपराह्न : 12.15 बजे से**
- **बैठक स्थल : अशोका हॉल, होटल रॉयल पैलेस, किला कोठी, तिली, राजघाट रोड, सागर (म.प्र.)**

अतः नराकास, सागर के समस्त सम्माननीय कार्यालय प्रमुखों/सदस्यगणों से विनम्र अनुरोध है कि आप बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें।

उक्त बैठक में कार्यालय प्रमुख के साथ राजभाषा संबंधी सहयोग हेतु संबंधित कार्यालय के राजभाषा अधिकारी अथवा राजभाषा का कार्य देख रहे किसी एक अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति भी सादर निवेदित है।

भवदीय,
संतोष
(संतोष सोहगौरा)

प्रतिलिपि- सूचनार्थ।

1. मान. अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं कुलपति, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र)।
2. उप सचिव (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल (म.प्र.)।
4. श्री अजय कुमार झा, उप निदेशक (राजभाषा), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
5. संयुक्त सचिव (राजभाषा), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6. समस्त कार्यालयाध्यक्ष, सदस्य कार्यालय, नराकास, सागर।
7. प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर – कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)- कृपया प्रचार-प्रसार हेतु।
9. कुलसचिव के निजी सहायक, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)।
10. माननीय कुलपति जी के निज सचिव, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) ।
11. गार्ड फाइल।

विशेष अनुरोध : कृपया समय का विशेष ध्यान रखते हुए बैठक प्रारम्भ होने के 15 मिनिट पूर्व अपना स्थान अवश्य ग्रहण करें।

'हिंदी में पत्राचार हो, हिंदी में हर व्यवहार हो, बोलचाल में हिंदी ही अभिव्यक्ति का आधार हो।'


हिन्दी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति
का एक बहुत सरल स्त्रोत है।
- सुमित्रानंदन पंत